श्री जय नारायण व्यास बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

Tel. No. 0291-2625630

श्री पुष्टिकर श्री पुरोहित सूरजराज रूपादेवी स्मृति
महिला महाविद्यालय

(जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्ध)

सिवान्ची गेट, जोधपुर

Mail ID: spspsrsmmv@gmail.com

क्रमांक : श्रीपुश्रीपुसूरूस्मृ/म.महा.वि./2021 **दिनांक : 17.07.2021**

गूँज – 2021
साइबर अपराध तकनीकी प्रगति का परिणाम है : दिनेश डांगी

श्री पुष्टिकर श्री पुरोहित सूरजराज रूपादेवी स्मृति महिला महाविद्यालय, सिवांची गेट के प्रेक्षागृह में गूंज 2021 के तहत सात दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत आज दिनांक 17.07.2021 को साइबर ब्रांच के उपनिरीक्षक श्रीमान् दिनेश डांगी ने अपना व्याख्यान दिया। दिनेश जी डांगी का स्वागत डॉ. माधव देव बोहरा ने किया। गूँज – 2021 के तहत चल रही सात दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते डॉ. बोहरा ने कहा कि ''साइबर अपराध इंटरनेट से किया जाने वाला प्रचलित अपराध है। वर्तमान में विभिन्न अपराध अर्थात् पहचान की चोरी, फिसिंग, मेलवेयर अटैक, एटीएम धोखा, साइबर हैरेशमेंट, पोर्नोग्राफी, पाइरेसी इत्यादि है। सभी को इससे बचने के लिए नेटवर्क सिक्योरिटी क्लाउड सुरक्षा, सूचना सुरक्षा, ऐंड यूजर सिक्योरिटी, एप्लीकेशन सिक्योरिटी की आवश्यकता है।'' इस अवसर पर श्रीमान् दिनेश डांगी ने अपने व्याख्यान में कहा कि ''साइबर अपराध तकनीकी प्रगति का परिणाम है। यह एक बहुत ही खतरनाक अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें इंटरनेट और कम्प्यूटर का उपयोग शामिल है। हालांकि प्रारंभिक चरण में यह साइबर अपराध पकड़ा नहीं जा सकता, लेकिन अपने परिणामों के साथ यह सभी की नज़र में आ जाता है। इसके माध्यम से डेटा और जानकारी का अवैध हस्तांतरण आसानी से किया जाता है। जो किसी व्यक्ति या समूह के लिए गोपनीय और बहुमूल्य हो सकता है। आपने साइबर क्राइम से बचने के उपयों की चर्चा की, जिसके तहत सोशियल मीडिया पर अपनी निजी तस्वीर डालने से बचने तथा सोशियल मीडिया के माध्यम से अपने निजी दस्तावेज को अपलोड न करने की सलाह दी।'' सुरक्षा जागरूकता पर ध्यान देना अत्यावश्यक है, क्योंकि रोकथाम इलाज से बेहतर है खासकर तब जब इलाज उपलब्ध न हो। इस अवसर पर डॉ. पूजा पुरोहित, ई. सुमीत बिस्सा एवं खालिद अली उपस्थित थे।

(डॉ. तेजेन्द्र वल्लभ व्यास)
मीडिया प्रभारी

(डॉ. माधव देव बोहरा)
प्राचार्य